NT>

Title: Regarding sticke by the CGHS medicine supplies.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान देश भर में जितने भी सी.जी.एच.एस. के अस्पताल हैं जिनमें निजी मैडीकल स्टोर्स द्वारा दवाई सप्लाई की जाती है, उन मैडीकल स्टोर्स को दवाई के देयकों का भुगतान पिछले चार-पांच महीने से नहीं किया गया है जिसके कारण सी.जी.एच.एस. की डिस्पेंसरियों में दवाएं नहीं मिल रही हैं। स्थिति यहां तक बदतर है कि एम.पीज. को भी दवाएं मिलने में कठिनाई हो रही है। मरीज परेशान हैं, दवा सप्लायर परेशान हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि दवा सप्लायरों का भुगतान तत्काल कराएं और सी.जी.एच.एस. की डिस्पेंसरियों में शीघ्र दवाएं उपलब्ध कराई जाएं।